कार्यकारी अध्यक्ष एसएस गंगेले, उपाध्यक्ष केएल लिल्हारे, बसंत मिश्रा, छगनलाल विजयवार, दिनेश

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से लेकर वर्तमान मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, मंत्रियों

के पदाधिकारियों की कोई चिंता नहीं है। इ अधिकारों को छीन रही है।विधानसभा सत्र को जगाने का प्रयास करेंगे वहीं इन पेंशनर

11/7/26 जबलपुर एक्सप्रेस 10

# शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया भारतीय स्टेट बैंक का स्थापना दिवस

**वारासिवनी (जबलपुर एक्सप्रेस)।**

स्थानीय शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 10 जुलाई को भारतीय स्टेट बैंक स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस.एस. गेडाम एवं प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. नरेन्द्र कुमार डोंगरे के नेतृत्व में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक, वारासिवनी शाखा के प्रबंधक हितेन्द्र पटेल तथा विशिष्ट अतिथि आरबीओ मंडला के प्रतिनिधि श्रेयांस कुमार सिंगोर एवं एसबीआई के सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक रामनाथ पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत में आधुनिक बैंकिंग प्रणाली के अग्रदूत डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

मुख्य अतिथि हितेन्द्र पटेल ने भारतीय बैंकिंग प्रणाली के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय स्टेट बैंक समय-समय पर कौशल विकास, प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं के माध्यम से युवाओं को बैंकिंग क्षेत्र से जोड़ने का कार्य कर रहा है। विशिष्ट अतिथि श्रेयांस कुमार सिंगोर ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के उपाय बताए।

सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक रामनाथ पटेल ने बैंकिंग व्यवस्था को देश की अर्थव्यवस्था की धड़कन बताते हुए कहा कि जिस प्रकार हृदय के सुचारु रूप से कार्य करने पर शरीर स्वस्थ रहता है, उसी प्रकार मजबूत बैंकिंग प्रणाली से आर्थिक विकास निरंतर आगे बढ़ता है। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. सरिता कोल्हेकर ने विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस.एस. गेडाम ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति के लिए बैंकिंग प्रणाली का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में डॉ. रक्षा निकोसे, हेमंत कुमार गणवीर, कृष्णा पराते, हिमांशु गुरदे, नेहा मर्सकोले, डॉ. योगेश बिसेन, डॉ. तपेश चौरे, शिखा देवगीरकर, शिल्पा वासनिक, पराग पालेवार, सुनील कुमार चौरे एवं संतोष गोखले सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. नरेन्द्र कुमार डोंगरे ने किया।

## राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर एबीवीपी ने किया पौधारोपण



म
म
ले
मं
क
स
क
ले
औ
नि
सज
ढाई
चोरं
अधि
और
तीख
पर
पंचन
प्र
कोस्
अपन
बेचने
उपज
उन्होंने
इसमें र
रामचंद
के लिए
की दर
अनुसार
थी। धान
होने के
तौलकर्ता

Scanned with OKEN Scanner